# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

**32, हार्डिंग रोड, पटना–800001**

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in, ई मेल : bseapatna@gmail.com

पत्रांक : नि० प्रा०/ नि० 1–5/2019 937 /पटना, दिनांक 02/07/2019

प्रेषक,

**गिरीश शंकर,**
मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०),**
मुजफ्फरपुर/ सीतामढ़ी/ शिवहर/ गोपालगंज/ पूर्वी चम्पारण/ बेगूसराय/ खगड़िया/ लखीसराय/ समस्तीपुर/ पटना/ वैशाली/ सारण/ नालन्दा/ दरभंगा/ गया/ जहानाबाद एवं औरंगाबाद।

**प्रखंड विकास पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०),**
(संलग्न सूची के अनुसार)।

विषय : **प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समितियों के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची का प्रकाशन।**

महाशय,

बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा–14 (क) (यथासंशोधित) एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या–1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

2. प्राधिकार की अधिसूचना संख्या–6476 दिनांक 12.05.2012 द्वारा बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 के तहत निबंधित सभी सहकारी समितियों के निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए जिला पदाधिकारी को अपने–अपने क्षेत्राधिकार के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) एवं अधिसूचना संख्या–6477 दिनांक 12.05.2012 द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी को निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) पदनामित किया गया है। सामान्यतया प्रखंड विकास पदाधिकारी निर्वाचन पदाधिकारी होंगे लेकिन आवश्यक समझे जाने पर जिला पदाधिकारी आदेश द्वारा निर्वाचन पदाधिकारी का दायित्व अंचल अधिकारी को सौंप सकेंगे।

3. प्राधिकार बिहार स्टेट मिल्क को–ऑपरेटिव फेडरेशन लि०, पटना के पत्रांक–1868 दिनांक 22.05.2019 द्वारा उपलब्ध कराये गये उन प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समितियों का निर्वाचन कराना चाहता है, जो अधिक्रमित हैं या जिनका निर्वाचन देय है। इन समितियों की सूची **परिशिष्ट–1** पर दी गई है।

4. प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समितियों की उपविधियाँ के नियम–9 से 12 तक में उन योग्यताओं एवं अयोग्यताओं का उल्लेख है, जिनके आधार पर कोई व्यक्ति समिति का सदस्य बन सकता है या अयोग्य घोषित किया जा सकता है। संबंधित दुग्ध उत्पादक संघ के प्रबंध निदेशक या उनके प्रतिनिधि संबंधित समिति से सम्पर्क स्थापित कर उसकी उपविधियाँ की एक प्रति संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी को तुरंत उपलब्ध करा देंगे। निर्वाचन पदाधिकारी –सह– प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने स्तर से भी संबंधित समिति की उपविधियाँ स्थानीय स्तर से प्राप्त करने की व्यवस्था करेंगे।

5. इन प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समितियों की मतदाता सूची की तैयारी एवं उसके बाद निर्वाचन के उद्देश्य से प्राधिकार ने **दिनांक 30.06.2019** को कट–ऑफ तिथि के रूप में निर्धारित किया है। केवल वैसे व्यक्ति, जो **दिनांक 30.06.2019** तक समिति की सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं तथा जो अन्य निर्धारित शर्तें पूरी करते हैं, मतदाता सूची में सम्मिलित किये जा सकेंगे।

6. स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में एक स्वच्छ मतदाता सूची का निर्माण करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य है। इस परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा निम्नांकित निदेश दिये जाते हैं :-

i) सूची में अंकित दुग्ध उत्पादक समिति **प्रपत्र–एम 1** में तीन प्रतियों में मतदाता सूची तैयार कर अपने दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के प्रबंध निदेशक को समर्पित करेंगे। प्रपत्र-एम 1 में तैयार की गई प्रारूप मतदाता सूची के प्रत्येक पृष्ठ पर यथास्थिति समिति द्वारा हस्ताक्षर किया जायेगा। मतदाता सूची तैयार करने में इस बात का विशेष ध्यान रखा जायेगा कि सदस्य को अगर कोई अयोग्यता हो तो उसका उल्लेख प्रपत्र-एम 1 के स्तंभ-5 में निश्चित रूप से कर दिया जाय। समिति के स्तर पर तैयार की गई यह प्राथमिक मतदाता सूची संबंधित संघ के प्रबंध निदेशक को **दिनांक 08.07.2019** तक निश्चित रूप से उपलब्ध करा दी जायेगी। अगर कोई समिति उक्त तिथि तक मतदाता सूची प्रबंध निदेशक को समर्पित करने में विफल रहती है, तो यह प्रबंध निदेशक का दायित्व होगा कि उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर समिति की मतदाता सूची अपनी देख-रेख में तैयार कराये।

ii) दुग्ध उत्पादक समिति द्वारा समर्पित मतदाता सूची की प्रामाणिकता की जाँच संबंधित संघ द्वारा की जायेगी तथा जाँचोपरान्त एवं संशोधनोपरान्त (अगर कोई हो) मतदाता सूची **दिनांक 10.07.2019** तक संबंधित समिति के निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध करायी जायेगी। संघ के प्रबंध निदेशक या उनके द्वारा प्राधिकृत संघ के जिम्मेवार पदाधिकारी द्वारा उक्त मतदाता सूची के प्रत्येक पृष्ठ को सत्यापित किया जायेगा। यह सुनिश्चित करना संबंधित दुग्ध उत्पादक संघ की जिम्मेवारी होगी कि मतदाता सूची में दी गई सूचनायें सही है।

iii) संबंधित दुग्ध उत्पादक संघ द्वारा सत्यापित/ हस्ताक्षरित मतदाता सूची प्राप्त हो जाने पर निर्वाचन पदाधिकारी इस सूची को प्रारूप मतदाता सूची के रूप में प्राधिकार द्वारा नियत कार्यक्रम के अनुसार विहित स्थलों पर प्रकाशित करेंगे। प्रारूप मतदाता सूची के प्रत्येक पृष्ठ के अंत में संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी का पूर्ण एवं स्पष्ट हस्ताक्षर मुहर सहित अनिवार्य रूप से अंकित रहेगा। मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की सूचना **प्रपत्र–एम 2** में निर्गत की जायेगी।

7. उक्त प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समितियों की मतदाता सूची की तैयारी हेतु प्राधिकार द्वारा निम्नांकित कार्यक्रम नियत किया जाता है :-

| **क्र०** | **कार्यक्रम** | **तिथि** |
|---|---|---|
| i | प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समिति द्वारा प्रपत्र-एम 1 में सदस्यता सूची दुग्ध संघ के प्रबंध निदेशक को उपलब्ध कराना | 08.07.2019 |
| ii | दुग्ध संघ द्वारा उक्त सूची का सत्यापन कर अथवा उक्त सूची स्वयं तैयार कर उसे निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध कराना | 10.07.2019 |
| iii | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थलों पर प्रकाशन | 12.07.2019 |
| iv | आम नोटिस का प्रकाशन जिसमें मतदाता सूची के संबंध में दावे/ आपत्तियाँ प्राप्त करने की तिथि और प्राप्त दावे/ आपत्तियों के निष्पादन की तिथि अंकित हो | 12.07.2019 |
| v | दावे/ आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि | 22.07.2019 तक |
| vi | दावे/ आपत्तियों के निष्पादन के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन | 25.07.2019 |

8. प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन निम्नांकित स्थलों पर किया जायेगा :-

(क) निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय के सूचना पट पर।

(ख) प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समिति के कार्यालय के सूचना पट पर।

(ग) संबंधित दुग्ध उत्पादक संघ के कार्यालय के सूचना पट पर।

9. संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने प्रखंड में अवस्थित दुग्ध उत्पादक समिति/ समितियों की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन कर दिये जाने की सूचना दुग्ध संघ के प्रबंध निदेशक को उपलब्ध करा दी जायेगी। प्रबंध निदेशक द्वारा **दिनांक 15.07.2019** तक सूचनायें एकत्रित कर **दिनांक 17.07.2019** तक इसे निश्चित रूप से प्राधिकार को समेकित रूप में उपलब्ध करायी जायेगी।

10. प्रारूप मतदाता सूची में अंकित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने के संबंध में कोई आपत्ति अथवा प्रारूप मतदाता सूची में किसी सदस्य का नाम जोड़ने से संबंधित दावा **प्रपत्र-एम 3 में तथा मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि से संबंधित विशिष्टियों पर आपत्ति प्रपत्र-एम 4** में विहित समय सीमा के अंदर ही लिया जा सकेगा। आपत्ति उन्हीं व्यक्तियों द्वारा दी जायेगी, जो संबंधित दुग्ध उत्पादक समिति के सदस्य हैं। **बाहर के किसी व्यक्ति द्वारा दी गई आपत्ति निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सिरे से खारिज कर दी जायेगी।**

11. प्रारूप मतदाता सूची में लिपिकीय अथवा मानवीय भूलवश किसी सदस्य, उसके पिता/ पति का नाम एवं पता अथवा किसी समिति के नाम एवं पते में कोई भूल या त्रुटि परिलक्षित होने पर निर्वाचन पदाधिकारी प्रारूप मतदाता सूची में आवश्यक सुधार करने हेतु स्वयं सक्षम होंगे।

12. प्रारूप मतदाता सूची की किसी प्रविष्टि के संबंध में आवेदन पत्र विहित प्रपत्रों में प्राप्त होने पर निर्वाचन पदाधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी (उप निर्वाचन पदाधिकारी) द्वारा उसकी सरसरी तौर पर पड़ताल कराई जाएगी तथा आवश्यकता महसूस होने पर संक्षिप्त सुनवाई कर आपत्ति की स्वीकृति/ अस्वीकृति के संबंध में आपत्ति-पत्र पर ही सम्यक आदेश पारित किया जाएगा। तदनुसार मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन अनुपूरक मतदाता सूची के माध्यम से कर लिया जाएगा। मतदाता सूची से नाम विलोपित किये जाने के मामले में आपत्तिकर्त्ता का नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं रहने की स्थिति में आपत्ति पत्र स्वीकार योग्य नहीं होगा। इसी तरह मतदाता सूची में नाम सम्मिलित किये जाने के मामले में आवेदन पत्र के साथ सदस्यता शुल्क प्रमाण-पत्र/ शेयर प्रमाण-पत्र/ मिल्क यूनियन द्वारा निर्गत फोटो प्रमाण-पत्र/ फोटोयुक्त प्रोक्योरमेंट चार्ट की प्रतिलिपि अनिवार्य रूप से संलग्न होनी चाहिए एवं जाँच के समय मूल प्रतियों की मांग आवश्यक रूप से की जाय। साथ ही साथ आवश्यकता महसूस होने पर इन मामलों से संबंधित समिति/ संबधित दुग्ध उत्पादक संघ से भी प्रतिवेदन/ अभिलेख की मांग की जा सकती है।

13. आपत्तियों का निष्पादन करने में अपनी सहायता हेतु निर्वाचन पदाधिकारी संबंधित संघ से आवश्यकतानुसार एक या अधिकतम दो कर्मियों, जो प्रापन सहायक (Procurement Assistant) या रूट इंचार्ज (Route Incharge) या दुग्ध संग्रहण पदाधिकारी या कैम्प प्रभारी हो सकते हैं, की प्रतिनियुक्ति अपने यहाँ करेंगे। ये पदाधिकारी निर्वाचन पदाधिकारी के साथ संबद्ध रहेंगे एवं वैसे संगत अभिलेख/ कागजात आदि समिति से प्राप्त कर निर्वाचन पदाधिकारी को उपलब्ध करायेंगे, जो उनके द्वारा आपत्तियों/ दावों के निष्पादन हेतु आवश्यक समझा जाय। स्पष्ट किया जाता है कि प्रतिनियुक्त पदाधिकारी केवल निर्वाचन पदाधिकारी के सहायतार्थ होंगे एवं किसी भी समय उनकी भूमिका उप निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में नहीं होगी।

14. प्रारूप मतदाता सूची में जो भी परिवर्तन किए जायेंगे, उन्हें **प्रपत्र-एम 5** में दिए गए नमूने के अनुसार एक अनुपूरक सूची के रूप में तैयार किया जाएगा, जिसमें स्पष्ट उल्लेख रहेगा कि प्रारूप मतदाता सूची से कौन सी प्रविष्टि हटायी गयी है, कौन सी प्रविष्टि में आवश्यक संशोधन किया गया है, तथा कौन-सी नई प्रविष्टि जोड़ी गई है। **प्रारूप मतदाता सूची एवं अनुपूरक मतदाता सूची के सम्मिलित रूप को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची माना जाएगा।** मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन **प्रपत्र-एम 6** में किया जायेगा।

15. संबंधित दुग्ध उत्पादक समिति की अंतिम मतदाता सूची के प्रत्येक पृष्ठ के अंत में उसे तैयार करने वाले कर्मी तथा निर्वाचन पदाधिकारी/ प्राधिकृत उप निर्वाचन पदाधिकारी, दोनों द्वारा अंतिम प्रकाशन के दिन हस्ताक्षर किया जाएगा जो इस बात के प्रमाणस्वरूप होगा कि मतदाता सूची सही है, एवं इसमें कोई छेड़-छाड़ नहीं

की गई है। सचेत किया जाता है कि प्रारूप मतदाता सूची अथवा पूरक मतदाता सूची की किसी प्रविष्टि में ओवरराइटिंग नहीं हो; किसी भी तरह के सुधार को स्पष्ट अक्षरों में उसके बगल में अंकित कर दिया जाय तथा उसके शीर्ष में सुधार करने वाले पदाधिकारी द्वारा अपना आद्याक्षर (initial) अवश्य कर दिया जाय। अगर निर्वाचन संचालन के दौरान प्राधिकार को मतदाता सूची में संबंधित कर्मियों के स्तर पर कोई गड़बड़ी करने की संपुष्ट शिकायत प्राप्त होगी, तो प्राधिकार इसे काफी गंभीरता से लेगा।

16. मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के समय निर्वाचन पदाधिकारी -सह- प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी संबंधित दुग्ध उत्पादक संघ द्वारा **प्रपत्र-एम 1** में टंकित या कम्प्यूटरीकृत रूप में उपलब्ध कराये गये मतदाता सूची की तीन प्रतियों में से दो का उपयोग करेंगे, एवं एक प्रति का उपयोग मूल अभिलेख (कार्यालय प्रति) के रूप में सुरक्षित रखें।

17. मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के समय अंतिम मतदाता सूची की नौ प्रतियाँ तैयार की जायेंगी। इसकी चार प्रतियों का उपयोग निर्वाचन के समय किया जाएगा तथा शेष बची प्रतियों में से एक प्रति प्रखंड मुख्यालय में अंतिम प्रकाशन के लिए; एक प्रति दुग्ध उत्पादक समिति के कार्यालय में अंतिम प्रकाशन के लिए एवं एक प्रति निर्वाचन पदाधिकारी के यहाँ अभिलेख के रूप में सुरक्षित रखने के लिए तथा दो प्रति दुग्ध उत्पादक संघ के प्रबंध निदेशक को उपलब्ध करा दी जायेगी। **जो सदस्य मतदाता सूची की फोटो प्रति प्राप्त करना चाहें, उन्हें रू० 1.50/- प्रति पृष्ठ की लागत दर पर निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा फोटो प्रति उपलब्ध करायी जाएगी।**

18. जिला निर्वाचन पदाधिकारी संबंधित निर्वाचन पदाधिकारियों को अपने स्तर से भी प्राधिकार के उपर्युक्त निदेशों से अवगत करा देंगे। निर्वाचन पदाधिकारी अपने स्तर से संबंधित सहकारी समिति को उपर्युक्त निदेश की जानकारी निश्चित रूप से उपलब्ध करा देंगे।

19. निर्वाचन कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के पहले प्राधिकार के लिए अंतिम रूप से प्रकाशित की जाने वाली मतदाता सूची का संक्षिप्त विवरण जानना आवश्यक है। **दिनांक 27.07.2019 को निर्वाचन पदाधिकारी अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची के संबंध में प्रपत्र-एम 7 पर दिये गये प्रपत्र में एक प्रतिवेदन तैयार करेंगे और इस प्रतिवेदन को प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी या अन्य पर्यवेक्षक के माध्यम से दुग्ध उत्पादक संघ के प्रबंध निदेशक को उसी दिन उपलब्ध करा देंगे। दुग्ध उत्पादक संघ के प्रबंध निदेशक प्रपत्र-एम 7 में ही सभी निर्वाचन पदाधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदनों को समेकित करेंगे एवं इसे उसी प्रपत्र में फैक्स अथवा ई-मेल (bseapatna@gmail.com) या विशेष दूत द्वारा दिनांक 29.07.2019 तक निश्चित रूप से प्राधिकार को उपलब्ध करा देंगे।**

विश्वासभाजन,

**अनुलग्नक : प्राथमिक दुग्ध उत्पादक समिति की सूची।**

1/7/19

**(गिरीश शंकर)**

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 937 /पटना, दिनांक 02/07/2019

प्रतिलिपि-प्रबंध निदेशक, कम्फेड, बिहार, पटना/ प्रबंध निदेशक, वैशाल पाटलीपुत्र दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि०, फुलवारीशरीफ, पटना/ प्रबंध निदेशक, देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, बरौनी/ प्रबंध निदेशक, मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि०, समस्तीपुर डेयरी औद्योगिक क्षेत्र, पो०-हरपुर एलौथ, जिला-समस्तीपुर/ प्रबंध निदेशक, तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि०, मुजफ्फरपुर डेयरी, पोस्ट-कलवारी, मुजफ्फरपुर-843108/ प्रबंध निदेशक, मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि०, कटारी हिल रोड, गया-823001 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 937 /पटना, दिनांक 02/07/2019

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित पुलिस अधिक्षक/ संबंधित वरीय अपर समाहर्त्ता -सह- नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

1/7/19

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 937 /पटना, दिनांक 02/07/2019

प्रतिलिपि: प्रधान सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 937 /पटना, दिनांक 02/07/2019

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ संयुक्त सचिव/ प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

## निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूची:–

| क्र | जिला | प्रखंड | प्राथमिक दुग्ध सहयोग समिति का नाम | सम्बद्ध संघ | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मुजफ्फरपुर | सकरा | चाँदपुर चिकनौटा | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 2 | मुजफ्फरपुर | सकरा | मथुरापुर जानी | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 3 | मुजफ्फरपुर | सकरा | सिमरा महिला | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 4 | मुजफ्फरपुर | सकरा | रायपुर | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 5 | मुजफ्फरपुर | गायघाट | खजुरी मोतनाजे | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 6 | मुजफ्फरपुर | गायघाट | कुम्भरौल | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 7 | मुजफ्फरपुर | गायघाट | बलौर | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 8 | मुजफ्फरपुर | गायघाट | सतनाम | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 9 | मुजफ्फरपुर | बन्दरा | जरंगी बगाही | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 10 | मुजफ्फरपुर | सकरा | जोगनीजागा | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 11 | मुजफ्फरपुर | सकरा | लोहरगामा | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 12 | मुजफ्फरपुर | पारू | मुजा बंगरा | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 13 | मुजफ्फरपुर | साहेबगंज | हलीमपुर | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 14 | मुजफ्फरपुर | मोतीपुर | सिरसियॉ जगदीश | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 15 | मुजफ्फरपुर | साहेबगंज | पहाड़पुर मनोरथ | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 16 | मुजफ्फरपुर | साहेबगंज | महदईया तालुका | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 17 | मुजफ्फरपुर | मोतीपुर | माधोपुर मधु | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 18 | मुजफ्फरपुर | औराई | पानापुर | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 19 | मुजफ्फरपुर | औराई | गंगुली | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 20 | सीतामढ़ी | रून्नी सैंदपुर | गिद्दा | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 21 | सीतामढ़ी | रून्नी सैंदपुर | फुलवरिया | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 22 | सीतामढ़ी | बेलसण्ड | भंडारी | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 23 | सीतामढ़ी | डुमरा | पड़री | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 24 | सीतामढ़ी | रून्नी सैंदपुर | रैन किशुनी | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 25 | सीतामढ़ी | रून्नी सैंदपुर | दिलावरपुर | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 26 | सीतामढ़ी | रून्नी सैंदपुर | लालपुर | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 27 | शिवहर | पिपराही | मिनापुर बलहा | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 28 | गोपालगंज | फुलवरिया | सेमरवारी | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 29 | गोपालगंज | कुचायकोट | सुजानपुर | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 30 | पूर्वी चम्पारण | मेहसी | कल्याणपुर | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 31 | पूर्वी चम्पारण | कल्याणपुर | बल्मी सिरसिया | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 32 | पूर्वी चम्पारण | कल्याणपुर | पकरी टोला | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 33 | पूर्वी चम्पारण | छौड़ादानो | तीनकोनी | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 34 | पूर्वी चम्पारण | छौड़ादानो | पीपरा | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 35 | पूर्वी चम्पारण | आदापुर | टिकुलिया | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 36 | पूर्वी चम्पारण | घोड़ासहन | यदुवंशीनगर | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |

## निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूचीः–

| क्र | जिला | प्रखंड | प्राथमिक दुग्ध सहयोग समिति का नाम | सम्बद्ध संघ | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 37 | पूर्वी चम्पारण | घोड़ासहन | अठमुहान | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 38 | पूर्वी चम्पारण | बनकटवा | खरझखिया | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 39 | पूर्वी चम्पारण | बनकटवा | बगहा | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 40 | पूर्वी चम्पारण | ढ़ाका | जटवलिया | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 41 | पूर्वी चम्पारण | पहाड़पुर | उत्तरी नोनेया | तिरहुत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 42 | बेगूसराय | बलिया | बहाउद्दीनपुर | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 43 | बेगूसराय | बरौनी | सहुरी | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 44 | बेगूसराय | बछवाड़ा | रूदौली | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 45 | बेगूसराय | बछवाड़ा | दरगहपुर | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 46 | बेगूसराय | बछवाड़ा | भगवती कालीस्थान | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 47 | बेगूसराय | बछवाड़ा | विसनपुर | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 48 | बेगूसराय | बछवाड़ा | लोदियाही | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 49 | बेगूसराय | बछवाड़ा | नम्बर | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 50 | बेगूसराय | बछवाड़ा | चक्का | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 51 | बेगूसराय | बेगूसराय | कैथ | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 52 | बेगूसराय | बेगूसराय | सॉख | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 53 | बेगूसराय | बेगूसराय | परना | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 54 | बेगूसराय | बेगूसराय | मोहनपुर | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 55 | बेगूसराय | बेगूसराय | खम्हार | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 56 | बेगूसराय | बेगूसराय | चॉदपुरा | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 57 | बेगूसराय | बेगूसराय | लाखो | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 58 | बेगूसराय | बेगूसराय | शाहपुर | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 59 | बेगूसराय | मंसूरचक | मकदमपुर | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 60 | बेगूसराय | मंसूरचक | दशरथपुर | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 61 | बेगूसराय | मंसूरचक | द्वारिकापुर महिला | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 62 | बेगूसराय | मंसूरचक | विजैया | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 63 | बेगूसराय | मटिहानी | सोलर सरिया दियारा | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 64 | बेगूसराय | मटिहानी | सिहमा दियारा | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 65 | बेगूसराय | मटिहानी | महम्मदपुर गौतम म0 | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 66 | बेगूसराय | भगवानपुर | चेरिया | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 67 | बेगूसराय | भगवानपुर | मानोपुर | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 68 | बेगूसराय | भगवानपुर | डोहटा महिला | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 69 | बेगूसराय | वीरपुर | फजिलपुर | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 70 | बेगूसराय | वीरपुर | भवानंदपुर | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 71 | बेगूसराय | वीरपुर | नौला | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 72 | बेगूसराय | वीरपुर | मखवा | देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |

## निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूचीः–

| क्र | जिला | प्रखंड | प्राथमिक दुग्ध सहयोग समिति का नाम | सम्बद्ध संघ | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 73 | बेगूसराय | वीरपुर | बदिया | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 74 | बेगूसराय | वीरपुर | खरमौली | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 75 | बेगूसराय | चेरिया बरियारपुर | कोरजाना | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 76 | बेगूसराय | चेरिया बरियारपुर | चेरिया बरियारपुर | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 77 | बेगूसराय | तेघड़ा | परबन्दा | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 78 | बेगूसराय | नावकोठी | पहसारा–2 | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 79 | बेगूसराय | नावकोठी | बभनगामा | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 80 | बेगूसराय | नावकोठी | कमलपुर | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 81 | बेगूसराय | नावकोठी | बसगोपालपुर | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 82 | बेगूसराय | गढ़पुरा | दुन्ही | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 83 | खगड़िया | अलौली | लदौड़ा | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 84 | लखीसराय | बड़हिया | सम्बलगढ़ | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 85 | लखीसराय | पिपररिया | डीह पिपरिया | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 86 | समस्तीपुर | मोहद्दीनगर | बजरंगबली | देशरत्न डाँ राजेन्द्र प्रसाद दु०उ०स०स०लि० | |
| 87 | पटना | फुलवारीशरीफ | आकोपुर नगवाँ | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 88 | पटना | पुनपुन | नेवाँ | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 89 | पटना | फुलवारीशरीफ | कोरियावाँ | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 90 | पटना | नौबतपुर | चेसी | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 91 | पटना | नौबतपुर | सरारी | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 92 | पटना | नौबतपुर | कोरावाँ | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 93 | पटना | नौबतपुर | जमलपुरा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 94 | पटना | नौबतपुर | अजवाँ | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 95 | पटना | नौबतपुर | छोटी कोपा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 96 | पटना | बिहटा | महमदपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 97 | पटना | पुनपुन | कंसारी | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 98 | पटना | बिक्रम | महेन्द्र नगर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 99 | पटना | बिक्रम | पूर्वी पड़रियावाँ | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 100 | पटना | बिक्रम | अम्हारीपुर मठिया | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 101 | पटना | बिक्रम | गुलामीचक | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 102 | पटना | बिहटा | अम्हारा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 103 | पटना | दुल्हिन बाजार | धाना | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 104 | पटना | पालीगंज | पतौना | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 105 | पटना | दुल्हिन बाजार | सोरमपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 106 | पटना | खुसरूपुर | नेटार | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 107 | वैशाली | बिदुपुर | दाउदनगर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 108 | वैशाली | बिदुपुर | म0 चाँदपुर सैदाबाद | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |

## निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूचीः–

| क्र | जिला | प्रखंड | प्राथमिक दुग्ध सहयोग समिति का नाम | सम्बद्ध संघ | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 109 | वैशाली | बिदुपुर | म0 मंझौली | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 110 | वैशाली | जन्दाहा | म0 बरबट्टा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 111 | वैशाली | जन्दाहा | गौसपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 112 | वैशाली | जन्दाहा | रोहुआ | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 113 | वैशाली | जन्दाहा | चकदिवान | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 114 | वैशाली | महुआ | टाँड़ा बुजुर्ग | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 115 | वैशाली | महुआ | महुआ मुकुन्दपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 116 | वैशाली | महुआ | अलीपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 117 | वैशाली | राजापाकर | चकसैद लोमा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 118 | वैशाली | भगवानपुर | प्रबोधी नरेन्द्र | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 119 | वैशाली | भगवानपुर | कैलीटॉड़ पातेपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 120 | वैशाली | पातेपुर | बहुआरा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 121 | वैशाली | पटेढ़ी बेलसर | बीबीपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 122 | वैशाली | महनार | शेखपुरा करनौती | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 123 | वैशाली | हाजीपुर | म0 चकसकरा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 124 | वैशाली | राजापाकर | म0 भाथादासी | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 125 | वैशाली | राघोपुर | शिवनगर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 126 | सारण | दरियापुर | दरिहारा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 127 | नालंदा | चण्डी | मुबारकपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 128 | नालंदा | चण्डी | रूपसपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 129 | नालंदा | नूरसराय | गोसाई विगहा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 130 | नालंदा | नूरसराय | सकरौधा | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 131 | नालंदा | सिलाव | जुआफर जगदीशपुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 132 | नालंदा | परवलपुर | दरियापुर | वैशाल पाटलीपुत्र दु०उ०स०स०लि० | |
| 133 | समस्तीपुर | खानपुर | टेंगराहा | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 134 | समस्तीपुर | शिवाजीनगर | रन्ना महिला | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 135 | समस्तीपुर | विभूतिपुर | भरपुराडीह | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 136 | समस्तीपुर | विभूतिपुर | दामोदरपुर महिला | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 137 | समस्तीपुर | विभूतिपुर | दियानतपुर | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 138 | समस्तीपुर | विभूतिपुर | साखमोहन | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 139 | समस्तीपुर | पटोरी | शाहपुर उण्डी | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 140 | समस्तीपुर | रोसड़ा | मुरली | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 141 | समस्तीपुर | समस्तीपुर | वाजिदपुर | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 142 | समस्तीपुर | सरायरंजन | सरायरंजन महिला | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 143 | समस्तीपुर | सरायरंजन | मणिकपुर | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 144 | समस्तीपुर | सरायरंजन | सुआपाकड़ | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |

परिशिष्ट–1

## निर्वाचन देय प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहयोग समितियों की सूची:-

| क्र | जिला | प्रखंड | प्राथमिक दुग्ध सहयोग समिति का नाम | सम्बद्ध संघ | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 145 | दरभंगा | सिंघवाड़ा | भवानीपुर | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 146 | दरभंगा | सिंघवाड़ा | मनकौली | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 147 | दरभंगा | सिंघवाड़ा | महेशपट्टी | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 148 | दरभंगा | हायाघाट | मध्य पतौर | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 149 | दरभंगा | जाले | रतनपुर | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 150 | दरभंगा | जाले | कछुआ | मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 151 | गया | बाँकेबाजार | बलथरवॉ | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 152 | गया | परैया | ईटवाँ | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 153 | गया | परैया | बोकनारी | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 154 | गया | गुरूआ | साहोपुर | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 155 | गया | बाँकेबाजार | लुटुआ | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 156 | गया | गुरूआ | सोनहथू | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 157 | गया | टेकारी | भैसमारा | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 158 | जहानाबाद | मोदनगंज | पहाड़पुर | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 159 | जहानाबाद | मोदनगंज | डोमना विगहा | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 160 | जहानाबाद | मखदूमपुर | मनियारगंज | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 161 | जहानाबाद | जहानाबाद | रामदेवचक | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 162 | जहानाबाद | मोदनगंज | टरवॉ | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 163 | जहानाबाद | मोदनगंज | गुलड़िया विगहा | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 164 | आरैगाबाद | ओबरा | रामनगर | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 165 | आरैगाबाद | हसपुरा | झिंगुरी | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 166 | आरैगाबाद | ओबरा | नवाडीह | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 167 | आरैगाबाद | ओबरा | खुदवाँ | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |
| 168 | आरैगाबाद | दाउदनगर | गोडीहा | मगध दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० | |